**J.S. UNIVERSITY**
**SHIKOHABAD, FIROZABAD**
PIN-283 135 (U.P.) INDIA
Website: www.jsu.ac.in, www.jsu.edu.in

**जे.एस. विश्वविद्यालय**
**शिकोहाबाद, फिरोजाबाद**
**पिन–283 135 (उ.प्र.) भारत**
E-mail: jsuniversityshikohabad@gmail.com



*Established by the U.P. Govt. Act No. 7 of 2015*
*Recognized by U.G.C. under section 2(f) of Act. 1956*


https://www.facebook.com/photo/?fbid=180747284622627&set=g.275127359700618

# प्रौद्योगिकी ने जीवन को बड़े स्तर पर किया प्रभावित : डा. अनूप



जेएस विवि में अंतरराष्टीय सम्मेलन में भाग लेते डा. अनूप कुमार मुगदल, कुलाधिपति डा. सुकेश यादव, डायरेक्टर डा. गौरव यादव, प्रति-कुलाधिपति डा. पीएस यादव ● जागरण

**संवाद सहयोगी, शिकोहाबाद:** मैनपुरी रोड स्थित जेएस विश्व विद्यालय में मंगलवार को विभिन्न विषयों पर विज्ञान तकनीकी और मानव जीवन विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रौद्योगिकी से मानव जीवन को प्रभावित करने की बात कही।

पूर्व राजनायिक मारीशस डा. अनूप कुमार मुद्गल ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि हम विज्ञान और तकनीकी के माहौल में रह रहे है। हम सभी का जीवन वैज्ञानिक आविष्कारों और आधुनिक समय की तकनीकों पर बहुत अधिक निर्भर है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने लोगों के जीवन को बड़े स्तर पर प्रभावित किया है। आनलाइन कार्यक्रम में जुड़े वियतनाम नेशनल विश्व विद्यालय के डा. थान्ह-

डान्ग फेम ने कहा कि विज्ञान अ
प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण के
पहलू को प्रत्येक राष्ट्र में लागू वि
गया है। कुलाधिपति डा. सुके
यादव ने कहा कि एक देश के लि
दूसरे देशों से मजबूत ताकत
और अच्छी तरह से विकसित ह
के लिए नए आविष्कार करना ब
आवश्यक है। डायरेक्टर जनरल
गौरव यादव ने कहा कि विवि में
सम्मेलन आयोजित कराए जाते
ताकि यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्रा
को तकनीकी के बारे जानकारी
सके। प्रति-कुलाधिपति डा. पी
यादव ने कहा कि प्रतिभागि
में विभिन्न प्रकार की योग्यत
विकसित करने की क्षमता प्र
की जा सकती है। चेयरपर्सन
गीता यादव ने कहा कि सम्मेलन
माध्यम से उच्च मानसिक शिक्षा
विकास किया जा सकता है।

कुलसचिव
जे० एस० विश्वविद्यालय
शिकोहाबाद (फिरोजाबाद)

**J.S. UNIVERSITY**
**SHIKOHABAD, FIROZABAD**
PIN-283 135 (U.P.) INDIA
Website: www.jsu.ac.in, www.jsu.edu.in

**जे.एस. विश्वविद्यालय**
**शिकोहाबाद, फिरोजाबाद**
**पिन–283 135 (उ.प्र.) भारत**
E-mail: jsuniversityshikohabad@gmail.com


*Established by the U.P. Govt. Act No. 7 of 2015*
*Recognized by U.G.C. under section 2(f) of Act. 1956*

https://www.facebook.com/photo/?fbid=180747317955957&set=g.275127359700618


दैनिक **दिन केसरी**
दिल्ली
RNI No. DELHIN/2011/38211 | facebook.com/dinkesari | dainikdinkesari@gmail.com


## जे.एस. विश्वविद्यालय मे इंटरनेशनल मल्टीडिसीप्लीनरी कॉन्फ्रेस का हुआ आयोजन

**शिकोहाबाद।(दिन केसरी/शेरे नबी ऊर्फ बबलू)** नगर के मैनपुरी रोड स्थित जे.एस. विश्वविद्यालय मे मंगलवार को मल्टीडिसीप्लीनरी कॉन्फ्रेसह्र ऑन रीसेंट इनोवेशन इन साइंस इंजीनियरिंग मैनेजमेंट एण्ड ह्यमेनिटीज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विशिष्ट अतिथि डा. अनूप कुमार मुदगल पूर्व राजनायिक मारीशस के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। डा. सुकेश यादव, अशोक यादव, हिमांशु यादव ने डा. अनूप कुमार मुदगल एव अतिथि देववृत चतुर्वेदी का माल्यार्पण एव स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा नृत्य के माध्यम से स्वागतगीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डा. अनूप कुमार मुदगल ने कहा कि हम सभी जानते है कि हम विज्ञान और तकनीकी के समय में रह रहे है। हम सभी का जीवन वैज्ञानिक आविष्कारों और आधुनिक समय की तकनीकों पर बहुत अधिक निर्भर है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने लोंगो के जीवन को बड़े स्तर पर प्रभावित किया है। ऑनलाइन सम्बोधन के माध्यम से वियतनाम नेशनल यूनीवर्सिटी के डा. थान्ह-डॉन्ग ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी आधुनिकरण के हर पहलू को प्रत्येक राष्ट्र में लागू किया गया है। रसिया स्टेट यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमेनिटी रसिया के डा. वेरोनिका यानेख ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों द्वारा बाद-विवाद में भाग लेंने तथा बोलने से कौशल का विकास होता है।




विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सुकेश यादव ने सम्मेलन में आये हुये शोधार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि इस आधुनिक दुनिया में एक देश के लिये दूसरे देशों से मजबूत ताकतवर और अच्छी तरह से विकसित होने के लिये विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में नये आविष्कार करना बहुत आवश्यक है। प्रति कुलाधिपति डा. पीएस यादव ने कहा इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन द्वारा प्रतिभागियों में विभिन्न प्रकार की योग्यताऐं विकसित करने की क्षमता प्राप्त की जा सकती है। विश्वविद्यालय की चेयरपर्सन डा. गीता यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से उच्च मानसिक योग्ताओं का विकास किया जा सकता है, जैसे दूसरों के प्रति सहनशीलता, विचारों मे खुलापन, दूसरों के साथ सहयोग की भावनाओं का सम्मान करना इस दौरान कुलपति डा. हरिमोहन शर्मा, डायरेक्टर जनरल डा. गौरव यादव ने कहा कि इंजीनियर बनने का सपना प्रत्येक व्यक्ति के मन मे होना चाहिए। विभिन्न शोधार्थियों के 348 शोध-पत्र प्राप्त हुये है। जिसमें देश-विदेश से आये हुए 80 से अधिक शोधार्थियों ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किये तथा पोस्टर के जरिये भी अपना व्याख्यान दिया। इस दौरान डा. पुष्पेन्दर कुमार, डा. मुक्ति शर्मा, डा. हरेन्द्र कुमार, डा. अमित कुमार चतुर्वेदी, सुकृति जैन, दिव्यांशु गुप्ता, रूपाली शर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डा. मुक्ति शर्मा एवं सुकृति जैन ने किया।

https://www.facebook.com/photo/?fbid=180747374622618&set=g.275127359700618

## जेएस विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार शुरू

**शिकोहाबाद।** जेएस विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार का विषय इंटरनेशनल मल्टी डिसीप्लीनरी कान्फ्रेंस ऑन इनोवेशन इन साइंस, इंजीनियरिंग मैनेजमेंट एंड ह्यूमेनिटीज रहा कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि डॉ. अनूप कुमार मृदुगल पूर्व राजनायिक मारीशस के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जेएस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव, ट्रस्टी अशोक यादव और हिमांशु यादव ने डॉ. मृदुगल एवं अतिथि डॉ. देववृत चतुर्वेदी का माल्यार्पण एवं स्मृति चिंह देकर स्वागत



**अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में मौजूद कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव व अन्य।** संवाद

किया। विशिष्ट अतिथि ने कहा हम सभी जानते हैं कि हम विज्ञान और तकनीकी के समय में जी रहे हैं। हम सभी का जीवन वैज्ञानिक आविष्कारों और आधुनिक समय की तकनीकों पर बहुत अधिक निर्भर है। सेमिनार में ऑनलाइन जुड़कर वियतनाम नेशनल विश्वविद्यालय के डॉ. थान्ह डॉग फेम एवं रसिया स्टेट यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमेनिटी रसिया के डॉ. वेरोनिका यानेख ने अपने विचार रखे। जेएस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव ने सम्मेलन में आए हुए सभी ोधार्थियों से कहा इस आधुनिक दुनिया में एक देश के लिए दूसरे देशों से मजबूत ताकतवर और अच्छी तरह से विकसित होने के लिए विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में नये आविष्कार करना आवश्यक है। इस अवसर पर प्रति कुलाधिपति ड़. पीएस यादव, चेयरपर्सन डॉ. गीता यादव, कुलपति डॉ. हरिमोहन शर्मा, डॉयरक्टर जनरल डॉ. गौरव यादव ने भी अपने विचार रखे। सेमीनार में 348 शोध पत्र प्राप्त हुए। इस अवसर पर संगठन समिति के पदाधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार, डॉ. मुक्ति शर्मा, डॉ. हरेंद्र कुमार, डॉ. अमित कुमार चतुर्वेदी, सुकृति जैन, दिव्यांशु गुप्ता, रूपाली शर्मा, डॉ. मुक्ति शर्मा एवं सुकृति जैन मौजूद रहे। संवाद

कुलसचिव
जे० एस० विश्वविद्यालय
शिकोहाबाद (फिरोजाबाद)

**J.S. UNIVERSITY**
**SHIKOHABAD, FIROZABAD**
PIN-283 135 (U.P.) INDIA
Website: www.jsu.ac.in, www.jsu.edu.in

**जे.एस. विश्वविद्यालय**
शिकोहाबाद, फिरोजाबाद
पिन–283 135 (उ.प्र.) भारत
E-mail: jsuniversityshikohabad@gmail.com

*Established by the U.P. Govt. Act No. 7 of 2015*
*Recognized by U.G.C. under section 2(f) of Act. 1956*

https://www.facebook.com/photo/?fbid=180747344622621&set=g.275127359700618

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शिक्षकों ने रखे विचार




मंगलवार को शिकोहाबाद के जेएस विश्वविद्यालय में शोध विषय पर व्याख्यान देने वालों को सम्मानित करते कुलाधिपति। • हिन्दुस्तान

शिकोहाबाद। हिन्दुस्तान संवाददाता। जेएस विश्वविद्यालय में दो दिनी अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इसका विषय इंटरनेशनल मल्टीडिसीप्लीनरी कॉन्फ्रेंस ऑन रिसेंट इनोवेशन इन साइंस, इंजीनियरिंग मैनेजमेंट एंड ह्यूमैनिटीज था।

शुभारम्भ डॉ.अनूप कुमार मुदगल पूर्व राजनायिक मारीशस ने किया। कुलाधिपति डॉ.सुकेश यादव, अशोक यादव व हिमांशु यादव ने डॉ.देवव्रत चतुर्वेदी को सम्मानित किया। वियतनाम नेशनल यूनीवर्सिटी के डॉ.थान्ह-डॉन्ग फेम ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी आधुनिकरण के हर पहलू को प्रत्येक राष्ट्र में लागू किया है। रशिया स्टेट यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमैनिटी रशिया के डॉ.वेरोनिका यानेख ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों द्वारा वाद-विवाद में भाग लेने तथा बोलने के कौशल का विकास होता है। प्रति-कुलाधिपति डॉ.पीएस यादव ने कहा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन द्वारा प्रतिभागियों में कई प्रकार की योग्यताएं विकसित करने की क्षमता प्राप्त की जा सकती है। चेयरपर्सन डॉ. गीता यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन से उच्च मानसिक योग्यताओं का विकास किया जा सकता है। कुलपति डॉ. हरिमोहन शर्मा ने कहा ऐसे आयोजनों से परिस्थितियों में मानवी अन्तः प्रक्रिया से उच्च ज्ञानात्मक योग्यताओं एवं क्षमताओं को विकसित किया जाता है। डायरेक्टर जनरल डॉ.गौरव यादव ने कहा आज दुनिया इतनी आगे बढ़ चुकी है कि हर काम मशीनों और तकनीक के सहारे सम्भव हो पाया है। विभिन्न शोधार्थियों के 348 शोधपत्र प्राप्त हुए जिसमें देश-विदेश से आए हुए 80 से अधिक शोधार्थियों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए तथा पोस्टर के जरिए भी अपना व्याख्यान दिया। संगठन समिति के पदाधिकारी डॉ.पुष्पेंद्र कुमार, डॉ.मुक्ति शर्मा, डॉ.हरेंद्र कुमार, डॉ.अमित कुमार चतुर्वेदी, सुकृति जैन, दिव्यांशु गुप्ता, रूपाली शर्मा का विशेष योगदान रहा।

कुलसचिव
जे० एस० विश्वविद्यालय
शिकोहाबाद (फिरोजाबाद)

**J.S. UNIVERSITY**
**SHIKOHABAD, FIROZABAD**
PIN-283 135 (U.P.) INDIA
Website: www.jsu.ac.in, www.jsu.edu.in

**जे.एस. विश्वविद्यालय**
**शिकोहाबाद, फिरोजाबाद**
**पिन–283 135 (उ.प्र.) भारत**
E-mail: jsuniversityshikohabad@gmail.com

*Established by the U.P. Govt. Act No. 7 of 2015*
*Recognized by U.G.C. under section 2(f) of Act. 1956*

https://www.facebook.com/photo/?fbid=251053437592011&set=g.275127359700618

# जेएस विवि को मिला सिस्को नेटवर्किंग एकेडमी अवार्ड



शिकोहाबाद के जेएस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पुरस्कार लेते हुए। • हिन्दुस्तान

**शिकोहाबाद,हिन्दुस्तान संवाद।** जेएस विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कंपनी सिस्को द्वारा सेमिनार का आयोजन किया। इसमें सिस्को के इंडिया हेड इश्विंदर सिंह ने जेएस विवि में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में विभिन्न कोर्सों को कराने की सराहना की।

विश्वविद्यालय को सिस्को द्वारा बेस्ट इमर्जिंग नेटवर्क एकेडमी का अवार्ड दिया। अवार्ड का चयन बेंगलुरू में आयोजित सिस्को की कॉन्फ्रेंस में किया था। जेएस विवि के कुलाधिपति डॉ.सुकेश यादव, प्रति कुलाधिपति डॉ.पीएस यादव, महानिदेशक डॉ.गौरव यादव ने अवार्ड प्राप्त किया। सिस्को नेटवर्किंग एकेडमी की इंडिया पार्टनर एनआईआईटी फाउंडेशन के प्रतिनिधि तरुण शर्मा ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सिस्को नेटवर्किंग एकेडमी के बारे में बताया। संचालन रूपाली शर्मा ने किया। मैनेजिंग ट्रस्टी अशोक यादव मौजूद रहे।

कुलसचिव
जे० एस० विश्वविद्यालय
शिकोहाबाद (फिरोजाबाद)

**J.S. UNIVERSITY**
**SHIKOHABAD, FIROZABAD**
PIN-283 135 (U.P.) INDIA
Website: www.jsu.ac.in, www.jsu.edu.in

**जे.एस. विश्वविद्यालय**
शिकोहाबाद, फिरोजाबाद
पिन–283 135 (उ.प्र.) भारत
E-mail: jsuniversityshikohabad@gmail.com

*Established by the U.P. Govt. Act No. 7 of 2015*
*Recognized by U.G.C. under section 2(f) of Act. 1956*

https://www.facebook.com/photo/?fbid=376161448414542&set=g.275127359700618




कुलसचिव
जे० एस० विश्वविद्यालय
शिकोहाबाद (फिरोजाबाद)

**J.S. UNIVERSITY**
**SHIKOHABAD, FIROZABAD**
PIN-283 135 (U.P.) INDIA
Website: www.jsu.ac.in, www.jsu.edu.in

**जे.एस. विश्वविद्यालय**
**शिकोहाबाद, फिरोजाबाद**
पिन–283 135 (उ.प्र.) भारत
E-mail: jsuniversityshikohabad@gmail.com

*Established by the U.P. Govt. Act No. 7 of 2015*
*Recognized by U.G.C. under section 2(f) of Act. 1956*

https://www.facebook.com/photo/?fbid=364637042900316&set=g.275127359700618




कुलसचिव
जे० एस० विश्वविद्यालय
शिकोहाबाद (फिरोजाबाद)

**J.S. UNIVERSITY**
**SHIKOHABAD, FIROZABAD**
PIN-283 135 (U.P.) INDIA
Website: www.jsu.ac.in, www.jsu.edu.in

**जे.एस. विश्वविद्यालय**
**शिकोहाबाद, फिरोजाबाद**
**पिन–283 135 (उ.प्र.) भारत**
E-mail: jsuniversityshikohabad@gmail.com

*Established by the U.P. Govt. Act No. 7 of 2015*
*Recognized by U.G.C. under section 2(f) of Act. 1956*

https://www.facebook.com/photo/?fbid=569810169049668&set=g.275127359700618




कुलसचिव
जे० एस० विश्वविद्यालय
शिकोहाबाद (फिरोजाबाद)